# केन्द्रीय विद्यालय संगठन

## चंडीगढ़ संभाग

## अर्द्ध - वार्षिक परीक्षा (2017 – 18)

**कक्षा – छठी** **पूर्णांक – 80**

**विषय – हिन्दी** **समय - 2½घंटे**

**निर्देश: 1.सुलेख तथा वर्तनी की शुद्धता का विशेष ध्यान रखें |**

**2. यथासंभव प्रश्नों का उत्तर क्रमानुसार ही दें |**

**3. इस प्रश्न – पत्र के चार खंड क,ख,ग और घ हैं |**

**4. सभी प्रश्न अनिवार्य है |**

---

## खंड – क (अपठित)

1. **(क) निम्नलिखित गद्यांश को ध्यान से पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर के लिए सही विकल्प चुनकर लिखिए ।**

**यदि हम निरंतर प्रयत्न करेंगे तो निश्चय ही अपने सभी लक्ष्यों को प्राप्त कर लेंगे । किंतु प्राय: देखा जाता है कि अधिक आशावादी लोग थोड़ा – सा प्रयत्न करके अधिक फल की इच्छा करने लगते हैं । मनोवांछित फल न मिलने पर निराश हो जाते हैं । अत: जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए परिस्थितियों के समक्ष घुटने न टेकें, बल्कि हिम्मत से उनका मुकाबला करें । याद रखें, जितना कठोर परिश्रम होगा उसका फल भी उतना ही मीठा होगा ।**

क) लक्ष्य प्राप्ति के लिए क्या किया जाना चाहिए ? 1

अ) निरंतर प्रयत्न  ब) आराम करना  स) मेहनत करना  द) निश्चय करना

ख) अधिक आशावादी लोग क्या करते हैं ? 1

अ) काम ज्यादा करके कम फल की इच्छा  ब) थोड़ा – सा प्रयत्न करके अधिक फल की इच्छा  स) निराश हो जाते है  द) सफल हो जाते है

ग) अधिक आशावादी लोग कब निराश हो जाते हैं ? 1

अ) असफल हो जाने पर  ब) सफल हो जाने पर

स) मनोवांछित फल न मिलने पर  द) मनोवांछित फल मिलने पर

घ) जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए क्या करना चाहिए ? 1

अ) परिस्थितियों के समक्ष घुटने टेकें  ब) हिम्मत से उनका मुकाबला न करें

स) परिस्थितियों के समक्ष घुटने न टेकें  द) डर कर भाग जाए ।

ङ) 'अधिक' शब्द का विलोम शब्द कौन –सा है ? 1

अ) ज्यादा  ब) थोडा  स) बहुत  द) बहुत कम

(ख) निम्नलिखित पद्यांश को ध्यान से पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर के लिए सही विकल्प चुनकर लिखिए |

भारत – पाकिस्तान पड़ोसी , साथ – साथ रहना है,
प्यार करें या वार करें, दोनों को ही सहना है,
तीन बार लड़ चुके लड़ाई , कितना महँगा सौदा है,
रूसी बम हो या अमेरिकी, खून एक बहना है ।
जो हम पर गुजरी बच्चों के संग न होने देंगे,

जंग न होने देंगे ।

क) कौन – कौन से देश पड़ोसी हैं ? 1

अ) भारत – ब्रिटेन ब) भारत – रूस

स) भारत – पाकिस्तान द) भारत – अमेरिका

ख) भारत और पाकिस्तान की लड़ाई कितनी बार हो चुकी है ? 1

अ) एक ब) दो स) तीन द) चार

ग) कवि किस – किस की जंग न होने देने की बात कह रहा है ? 1

अ) भारत - रूस ब) भारत - अमेरिका स) भारत – पाकिस्तान द) रूस – अमेरिका

घ) 'जंग' का अर्थ है । 1

अ) युध्द ब) दोस्ती स) काम द) प्रेम

ङ) अवतरण में 'वार करें' का अर्थ क्या है ? 1

अ) बुलाना ब) लड़ाई करना स) दोस्ती करना द) इनमें से कोई नहीं

## खंड – ख (पाठ्य पुस्तक एवं सहायक पुस्तक)

2. दिए गए पठित गद्यांश को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखो ।

हमारी यह धरती लगभग पाँच अरब साल पुरानी है । दो – तीन अरब साल तक इस धरती पर किसी प्रकार के जीव – जंतु नहीं थे । फिर करोड़ों साल तक केवल जानवरों और वनस्पतियों का ही इस धरती पर राज्य रहा । आदमी ने इस धरती पर कोई पाँच लाख साल पहले जन्म लिया। धीरे – धीरे उसका विकास हुआ । कोई दस हजार साल पहले आदमी ने गाँवों को बसाना

शुरू किया । वह खेती करने लगा । वह पत्थरों के औजारों का इस्तेमाल करने लगा । फिर वह ताँबे और काँसे के भी औजार बनाने लगा ।

क) पाठ व लेखक का नाम लिखो । 2

ख) आदमी ने गाँवों को बसाने के बाद कौन – कौन से कार्य शुरू किए ? 2

ग) किन - किन धातुओं से औजार बनाए गए ? 1

3. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर गद्य खंड वसंत भाग – 1 के आधार पर लिखो ।

क) अंडों के बारे मे केशव और श्यामा के मन में किस तरह के सवाल उठते थे ? 2

ख) कंट्रोल रूम में जाकर छोटू ने क्या देखा और वहाँ उसने क्या हरकत की ? 2

ग) माँ मोहन के 'ऐसे – ऐसे' कहने पर क्यों घबरा रही थी ? 2

घ) लेखक ने राजप्पा के टिकट इकट्ठा करने की तुलना मधुमक्खी से क्यों की ? 2

ङ) लेखिका को चश्मा क्यों लगाना पड़ा ? लगाने चश्मा पर उनके चचेरे भाई उन्हें क्या कहकर चिढ़ाते थे ? 2

4. दिए गए पठित पद्यांश को पढ़ कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखो ।

मेहनत अपने लेख की रेखा, मेहनत से क्या डरना
कल गैरों की खातिर की, आज अपनी खातिर करना
अपना दुख भी एक है साथी, अपना सुख भी एक
अपनी मंजिल सच की मंजिल, अपना रस्ता नेक
साथी हाथ बढ़ाना ।

क) गीत व गीतकार का नाम लिखो । 2

ख) हमें जीवन में किस से नहीं डरना चाहिए और क्यों ? 2

ग) 'दुख' का विलोम शब्द काव्यांश से ढूँढकर लिखो । 1

5. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर पद्य खंड वसंत भाग – 1 के आधार पर लिखो ।

क) 'रस उँडेलकर गा लेती है' का आशय स्पष्ट करो । 2

ख) 'साथी हाथ बढ़ाना' गीत में सीने और बाँहों को फ़ौलादी क्यों कहा गया है ? 2

ग) 'वह चिड़िया जो' कविता के आधार पर बताओ कि चिड़िया को किन – किन चीज़ों से प्यार है ? 2

घ) अपने आस – पास तुम किसे 'साथी' मानते हो और क्यों ? 2

ङ) कवि ने चाँद से गप्पे किस दिन लगाई होगी ? अपने उत्तर का कारण भी लिखो | 2

6. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर 'बाल रामकथा' के आधार पर लिखो।

क) राम ने महाराज दशरथ के वनवास जाने वाले निर्णय को खुशी – खुशी स्वीकार किया। तुम्हारी समझ में इस का क्या कारण रहा होगा ? 2

ख) लक्ष्मण ने शूर्पणखा के नाक – कान काट दिए। क्या ऐसा करना उचित था ? अपने उत्तर का कारण बताओ। 2

ग) राम के अयोध्या लौटने के लिए तैयार न होने पर भरत ने राम से क्या अनुरोध किया? 2

घ) रानी कैकेयी ने राजा दशरथ से कौन से दो वरदान माँगे ? 2

ङ) चित्रकूट में भरत को सेना के साथ आता देख लक्ष्मण ने क्या कहा ? 2

## खंड – ग ( व्यावहारिक व्याकरण )

7. निर्देशानुसार प्रश्नों के उत्तर लिखो ।

क) दिए गए मुहावरों से वाक्य बनाओ – हाथ – पैर फूलना, नज़र रखना 2

ख) 'हार' शब्द के दो अर्थ हैं। 'हार' से दो वाक्य बनाओ जिनमें 'हार' शब्द के अलग – अलग अर्थ निकलते हों। 2

ग) भाववाचक संज्ञा बनाओ – मीठा, पढ़ना 1

घ) विशेषण शब्द को रेखांकित कर उसके भेद का नाम लिखो – 2

i) राम ने दो आम खाए।

ii) बच्चे ने थोड़ा दूध गिरा दिया।

ङ) नीचे दिए गए वाक्यों में से क्रियाविशेषण छाँटकर लिखो – 1

i) सोनाली जल्दी – जल्दी मुँह मे लड्डू ठूँसने लगी।

ii) भूकंप के बाद जनजीवन धीरे – धीरे सामान्य होने लगा।

च) नीचे दिए गए वाक्यों से सर्वनाम शब्द ढूँढ़कर लिखो – 2

एक दिन दीपू और नीलू यमुना तट पर बैठे शाम की ठंडी हवा का आनंद ले रहे थे। तभी उन्होंने देखा कि एक लम्बा आदमी लड़खड़ाता हुआ उनकी ओर चला आ रहा है। पास आकर उसने कहा, " मै भूख से मरा जा रहा हूँ। आप मुझे कुछ खाने को दे सकते है ?"

छ) 'वार्तालाप' शब्द वार्ता + आलाप के योग से बना है। यहाँ वार्ता का 'आ' और 'आलाप' के आरंभ का 'आ' मिलने से जो परिवर्तन हुआ है, उसे संधि कहते हैं। नीचे लिखे शब्दों में किन शब्दों की संधि है – सूर्यास्त, दिनांक 1

ज) कौन – सा प्रत्यय जुड़ने पर विशेषण बन रहे हैं ? मूल शब्द व प्रत्यय अलग – अलग लिखो – जंगली, कश्मीरी 2

झ) निम्नलिखित शब्दो से उपसर्ग व मूल शब्द को अलग – अलग लिखो। 2

i) असफल

ii) **अनावश्यक**

## खंड – घ (लेखन)

8. **निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर संवाद लिखो।** **5**

**क) दुकानदार और ग्राहक**

**ख) डॉक्टर और मरीज**

**ग) अध्यापक और विद्यार्थी**

9. **बीमार होने पर अपने विद्यालय के प्राचार्य जी को दो दिन के अवकाश के लिए प्रार्थना पत्र लिखो|** **अथवा** 5

**अपने मित्र को जन्मदिन की बधाइयाँ देते हुए एक पत्र लिखो।**

10. **किसी एक विषय पर अनुच्छेद लिखो।** **5**

**क) सुंदर चिड़िया**

**ख) मेरे जीवन का लक्ष्य**

**ग) मेरा प्रिय खेल**

********************************समाप्त********************************